AMAR UJALA, Delhi, 2.12.2024
Page No. 5, Size:(4.93)cms X (3.44)cms.

# गेल को मिला हाइड्रोजन कंपनी ऑफ द ईयर का अवार्ड

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड को एफआईपीआई ऑयल एंड गैस अवार्ड्स 2023 में इनिशिएटिव्स इन प्रमोटिंग हाइड्रोजन कंपनी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप एस पुरी ने गेल के सीएमडी संदीप कुमार गुप्ता को प्रदान किया। गेल को यह अवार्ड हाइड्रोजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान और अनुसंधान एवं विकास में प्रगति के लिए दिया गया है। गेल ने विजयपुर (मध्य प्रदेश) में 4.3 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना को लागू करने के लिए यह अवार्ड प्राप्त किया है।

AMAR UJALA, Delhi, 2.12.2024

Page No. 5, Size:(4.99)cms X (3.03)cms.

# गेल ने पीटीए संयंत्र के लिए आईएनईओएस से किया समझौता

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गेल मंगलौर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएमपीएल) के माध्यम से आईएनईओएस के साथ एक समझौता किया है, जिससे मंगलौर में 1.25 एमएमटीपीए शुद्ध टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) निर्माण संयंत्र का पुनरुद्धार किया जा सके। इस समझौते से जीएमपीएल को पीटीए निर्माण संयंत्र को पुनः चालू करने में मदद मिलेगी।

HINDUSTAN, Delhi, 2.12.2024

Page No. 9, Size:(28.05)cms X (21.95)cms.

गेल (इंडिया) ने अपनी सहायक कंपनी गेल मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के जरिए संयंत्र के पुर्नउद्धार के लिए आईएनईओएस के साथ समझौता किया है। जीएमपीएल के अध्यक्ष एवं गेल के निदेशक (मानव संसाधन) आयुष गुप्ता ने इस साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि जीएमपीएल प्रमुख खिलाड़ी बनेगा। इस मौके पर गेल के निदेशक (बीडी) आर.के. सिंघल इस मौके पर मौजूद रहे।